



प्राविधिक शिक्षा विभाग
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद् ,उ. प्र.

पॉलीटेक्निक चलो अभियान - 2027



परिचय

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (JEECUP) का गठन शासनादेश के माध्यम से वर्ष 1986-87 में किया गया |राज्य के पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (UPJEE(P)) का आयोजन किया जाता है।

पॉलीटेक्निक

चलो अभियान

10 उद्देश्य

1. तकनीकी शिक्षा का प्रसार करना
2. रोजगार उन्मुख कौशल प्रदान करना
3. इंडस्ट्री-रेडी स्किल डेवलपमेंट
4. अधिक से अधिक छात्रों को पॉलिटेक्निक कोर्स में नामांकित करना
5. युवाओं में तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना
6. डिजिटल सशक्तिकरण
7. प्रैक्टिकल आधारित तकनीकी शिक्षा
8. रोजगारपरक शिक्षा से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना
9. ग्रामीण एवं कमजोर वर्गों के छात्रों को अवसर देना
10. उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करना

राजकीय, अनुदानित, पी0 पी0 पी0 एवं निजी पॉलीटेक्निक

2561
निजी पालीटेक्निक



29
पी. पी.पी पालीटेक्निक



149
राजकीय पालीटेक्निक



18
अनुदानित पालीटेक्निक



07
अन्य विभागों द्वारा संचालित राजकीय पालीटेक्निक



नोट: महिलाओं के पठन-पाठन हेतु 24 राज्यकीय एवं अनुदानित पालीटेक्निक संस्थाएं उपलब्ध

डिप्लोमा पाठ्यक्रम (कुल-80 पाठ्यक्रम)

S. No.	BRANCH NAME	S. No.	BRANCH NAME	S. No.	BRANCH NAME	S. No.	BRANCH NAME
1	101 --- P.G.DIPLOMA IN ADVERTISING AND PUBLIC RELATION	21	213 --- DIPLOMA IN MASS COMMUNICATION	41	332 --- ELECTRONICS ENGINEERING (ADVANCE MICROPROCESSOR & INTERFACE)	61	356 --- INFORMATION TECHNOLOGY
2	102 --- P.G.DIPLOMA IN BIO TECHNOLOGY (TISSUE CULTURE)	22	214 --- DIPLOMA IN PHARMACY	42	333 --- ELECTRONICS ENGINEERING (MICRO ELECTRONICS)	62	357 --- DIPLOMA IN PAINT TECHNOLOGY
3	103 --- P.G.DIPLOMA IN TOURISM AND TRAVEL MANAGEMENT	23	215 --- MODERN OFFICE MANAGEMENT AND SECRETERIAL PRACTICE	43	334 --- ELECTRICAL AND ELECTRONICS ENGINEERING	63	358 --- DIPLOMA IN PLASTIC MOULD TECHNOLOGY
4	104 --- P.G.DIPLOMA IN TEXTILE DESIGN	24	311--TOOL AND DIE UNDER MECHANICAL ENGINEERING	44	336 --- LEATHER TECHNOLOGY FOOTWEAR (COMPUTER AIDED SHOE DESIGN)	64	359 --- DIPLOMA IN AIRCRAFT MAINTENANCE ENGINEERING (AVIONICS)
5	105 --- INDUSTRIAL SAFETY	25	312--MECHATRONICS AND INDUSTRIAL AUTOMATION	45	337 --- DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT AND CATERING TECHNOLOGY	65	360 --- HELICOPTER AND POWER PLANT ENGINEERING
6	106 --- P.G.DIPLOMA IN CUSTOMER SERVICE MANAGEMENT	26	313--PACKAGING TECHNOLOGY	46	338 --- INSTRUMENTATION AND CONTROL	66	361 --- ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGINEERING
7	107 --- P.G.DIPLOMA IN MARKETING AND SALES MANAGEMENT	27	316 --- AGRICULTURE ENGINEERING	47	339 --- INTERIOR DESIGN AND DECORATION	67	362 --- CARPET TECHNOLOGY
8	109 --- P.G.DIPLOMA IN BEAUTY AND HEALTH CARE	28	317 --- DIPLOMA IN AIRCRAFT MAINTENANCE ENGINEERING	48	340 --- LEATHER TECHNOLOGY (TANNING)	68	363 --- FOOD TECHNOLOGY
9	110 --- P.G.DIPLOMA IN FASHION TECHNOLOGY	29	318 --- ARCHITECTURAL ASSISTANTSHIP	49	341 --- MECHANICAL ENGINEERING (AUTOMOBILE)	69	364 --- PAPER AND PULP TECHNOLOGY
10	111 --- P G DIPLOMA IN RETAIL MANAGEMENT	30	319 --- GLASS AND CERAMIC ENGINEERING	50	342 --- MECHANICAL ENGINEERING (COMPUTER AIDED DESIGN)	70	365 --- TEXTILE ENGINEERING
11	112 --- P G DIPLOMA IN ACCOUNTACY (WITH COMPUTERISED ACCOUNTS & TAXATION)	31	320 --- CHEMICAL TECHNOLOGY (FERTILIZER)	51	343 --- MECHANICAL ENGINEERING (PRODUCTION)	71	366 --- MINING ENGINEERING
12	113 --- P G DIPLOMA IN WEB DESIGNING	32	321 --- CHEMICAL TECHNOLOGY (RUBBER AND PLASTIC)	52	344 --- MECHANICAL ENGINEERING (REFRIGERATION & AIRCONDITIONING)	72	367 --- MECHANICAL ENGINEERING
13	114 --- P G DIPLOMA IN COMPUTER HARDWARE & NETWORKING	33	322 --- CIVIL ENGINEERING	53	345 --- MECHANICAL ENGINEERING (MAINTENANCE)	73	368 --- CIVIL AND ENVIRONMENT ENGINEERING
14	115 --- P.G.DIPLOMA IN CYBER SECURITY	34	323 --- CIVIL ENGINEERING (ENVIRONMENT & POLLUTION CONTROL)	54	348 --- TEXTILE CHEMISTRY	74	369 --- COMMUNICATION AND COMPUTER NETWORKING
15	116 --- P.G.DIPLOMA IN DATA SCIENCE AND MACHINE LEARNING	35	326 --- FASHION DESIGNING & GARMENT TECHNOLOGY	55	349 --- TEXTILE DESIGN	75	370 --- RENEWABLE ENERGY
16	117 --- P.G.DIPLOMA IN DRONE TECHNOLOGY	36	327 --- DAIRY ENGINEERING	56	350 --- TEXTILE DESIGN (TEXTILE PRINTING)	76	371 --- APPAREL DESIGN AND FASHION TECHNOLOGY
17	118 --- P.G.DIPLOMA IN IOT	37	328 --- ELECTRICAL ENGINEERING	57	351 --- TEXTILE TECHNOLOGY	77	372 --- COSTUME DESIGN AND GARMENT TECHNOLOGY
18	202 --- P.G.DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION	38	329 --- ELECTRICAL ENGINEERING (INDUSTRIAL CONTROL)	58	352 --- CHEMICAL ENGINEERING	78	373 --- CRAFT TECHNOLOGY
19	211 --- HOME SCIENCE	39	330 --- ELECTRONICS ENGINEERING	59	353 --- CHEMICAL ENGINEERING (PETRO CHEMICAL)	79	392 --- PRINTING TECHNOLOGY
20	212 --- LIBRARY AND INFORMATION SCIENCE	40	331 --- ELECTRONICS ENGINEERING (MODERN CONSUMER ELECTRONICS)	60	355 --- COMPUTER SCIENCE AND ENGINEERING	80	444 --- TOOL AND MOULD MAKING

पाठ्यक्रम एवं न्यूनतम शैक्षिक अर्हता

10वीं कक्षा के पश्चात प्रवेश हेतु प्रमुख पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम ग्रुप	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि
A	डिप्लोमा इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम	तीन वर्षीय
B	एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग	तीन वर्षीय
C	1. फैशन डिजाइनिंग एण्ड गारमेंट टेक्नोलॉजी	तीन वर्षीय
	2. टेक्सटाइल डिजाइन	तीन वर्षीय
	3. टेक्सटाइल डिजाइन (प्रिंटिंग)	तीन वर्षीय
	4. होम साइंस	दो वर्षीय

मुख्य पात्रता: 10वीं कक्षा उत्तीर्ण — संबंधित पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम अंक/शर्तें लागू।

पाठ्यक्रम एवं न्यूनतम शैक्षिक अर्हता

इंटरमीडिएट (10+2) 12वीं कक्षा के पश्चात प्रवेश हेतु प्रमुख पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम ग्रुप	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि
D	1.माडर्न आफिस मैनेजमेंट एण्ड सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस 2.लाइब्रेरी एण्ड इनफारमेशन सइंस	दो वर्षीय
E	डिप्लोमा इन फार्मेसी	दो वर्षीय
K	डप्लोमा इंजी0 पाठ्यक्रम में द्वितीय वर्ष में प्रवेश (लेटरल इन्ट्री)	तीन वर्षीय
H	डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टेक्नॉलोजी	तीन वर्षीय
I	1.डिप्लोमा इन एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इंजीनियरिंग 2.डिप्लोमा इन एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इंजी0 (एवियोनिक्स) 3.एयरक्राफ्ट मेन्टीनेन्स इंजी0 (हेलीकाफ्टर एण्ड पावरप्लान्ट्स)	तीन वर्षीय

मुख्य पात्रता: 12वीं कक्षा उत्तीर्ण — संबंधित पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम अंक/शर्तें लागू।

पाठ्यक्रम एवं न्यूनतम शैक्षिक अर्हता

स्नातक के पश्चात प्रवेश हेतु प्रमुख पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम ग्रुप	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि
G	1. पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन 2. पी.जी. डिप्लोमा इन मास कम्यूनिकेशन 3. पी.जी. डिप्लोमा इन मार्केटिंग एण्ड सेल्स मैनेजमेंट 4. पी.जी. डिप्लोमा इन कस्टमर सर्विस मैनेजमेंट 5. पी.जी. डिप्लोमा इन ब्यूटी एण्ड हेल्थ केयर 6. पी.जी. डिप्लोमा इन टूरिज्म एण्ड ट्रेवल मैनेजमेंट 7. पी.जी. डिप्लोमा इन एडवरटाइजिंग एण्ड पब्लिक रिलेशन 8. पी.जी. डिप्लोमा इन टेक्सटाइल डिजाइन 9. पी.जी. डिप्लोमा इन फैषन टेक्नोलॉजी 10. पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग 11. पी.जी. डिप्लोमा इन वेब डिजाईनिंग 12. पी.जी. डिप्लोमा इन एकाउण्टेंसी (विद कम्प्यूटराईज्ड एकाउन्ट एण्ड टैक्सेशन) 13. पी.जी. डिप्लोमा इन रिटेल मैनेजमेन्ट 14.पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी 15. पी.जी. डिप्लोमा इन इन्टरनेट ऑफ थिंग्स 16. पी.जी. डिप्लोमा इन डाटा साइंस एण्ड मशीन लर्निंग 17. पी.जी. डिप्लोमा इन ड्रोन टेक्नोलॉजी	एक वर्षीय
F	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बायोटेक्नॉलोजी (टिशू कल्चर)	एक वर्षीय
L	पोस्ट डिप्लोमा इन इण्डस्ट्रियल सेफ्टी	एक वर्षीय

मुख्य पात्रता: स्नातक उत्तीर्ण — संबंधित पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम अंक/शर्तें लागू।

जिले स्तर पर नोडल अधिकारियों प्रधानाचार्यों से सं धित कार्यों का विवर



1. संस्थागत कार्यवाही* जिलाअधिकारी व शिक्षा अधिकारियों से समन्वय* अभियर्थियों को प्रवेश हेतु प्रेरित करना* PTM के माध्यम से प्रचार प्रसार करना

2. पॉलीटेक्निक संस्थानों की सहभागिता* प्रचार टीमें बनाना* कैरियर काउंसलिंग सत्र* अधिकतम छात्रों तक पहुंच बनाना

3. सेमिनार एवं कार्यशालाएँ* हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व स्नातक स्तर के छात्रों हेतु काउंसलिंग सेशन

4. प्रचार माध्यम - डिजिटल मीडिया* सोशल मीडिया* पोस्टर/बैनर

5. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता* पंचायत व नगर निकायों के माध्यम से अभियान को बढ़ावा

6. **विद्यालय स्तर पर जागरूकता अभियान** *छात्रों को पॉलीटेक्निक के पाठ्यक्रम, रोजगार लाभ व प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना

7. समीक्षा एवं निरीक्षण* नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण* विद्यालयों से रिपोर्ट संकलन एवं समीक्षा

पंजीकृत अभ्यर्थी

ACADEMIC YEAR 2026–27

TOTAL GROUPS 19

Working Professionals 0.33% (1,415)

Group L-Post Diploma in Industrial Safety 0.36% (1,516)

Group D-Modern Office Management/Library & Information Science 0.38% (1,605)

Group H-Hotel Management & Catering Technology 0.20% (844)

Group G-PGDCA/PGDCHN/PGDWD/ PGDMarketing & Sales/etc 0.76% (3,212)


Group F-PG Diploma In Biotechnology 0.10% (433)

Group B-Agriculture Engineering 0.56% (2,366)

Group C-Fashion Designing/Home Sicence/ Textile Design 1.16% (4,954)

Group K1-K8-Diploma Engineering/Technology Lateral Entry Program

8.39%
(35,680)



TOTAL REGISTERED CANDIDATES
4,25,210

HIGHEST GROUP
Group A
2,07,229
(48.73%)

SECOND HIGHEST GROUP
Group E1 (Bio)
1,30,343
(30.66%)


TOTAL GROUPS
19

ACADEMIC YEAR
2026–27

Note: Percentage share is calculated on the total registered candidates.

पंजीकृत अभ्यर्थी

शैक्षणिक सत्र 2026-27




सारांश

पुरुष	3,46,304	81.44%
महिला	78,896	18.55%
ट्रांसजेंडर	10	0.002%

कुल पंजीकृत अभ्यर्थी	पुरुष	महिला	ट्रांसजेंडर	शैक्षणिक सत्र
4,25,210	3,46,304 (81.44%)	78,896 (18.55%)	10 (0.002%)	2026-27

आवेदन हेतु सामान्य प्रक्रिया



प्रचार- प्रसार के माध्यम

ए एम रेडियो
आकाशवा ी ए एम रेडियो (M)

समाचार पत्र
समाचार पत्रों के माध्यम से

मु मंत्री हेल्पला न
मु मंत्री हेल्पला न द्वारा कालिं

व्यक्ति त संपर्क
ाम ाक तहसील स्तर पर अि ाविकों एवं ात्र ात्राओं से व्यक्ति त संपर्क

शार्ट मेसेजिं सर्विस

हेल्प से र की ापना
पॉलीटेक्निक स्टा द्वारा स्कूलों का म स ी राजकीय एवं अनुदानित सं ाओं में हेल्प से र की ापना

सोशल मीडिया
HATSAPP डियो-वीडियो के सन्देश के माध्यम से



आवेदन

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा-2027 आवेदन तिथि

आवेदन प्रारम्भ

01 दिसंबर 2026

आवेदन समाप्त

20 अप्रैल 2027

आवेदन शुल्क

श्रेणी	आवेदन शुल्क (₹)
सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग	₹ 300
अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति	₹ 200

परीक्षा कार्यक्रम

पाठ्यक्रम	प्रस्तावित तिि याँ
1 ुप-A ंजीनियरिं	07 मई 2027 से 15 मई 2027 कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा (CBT)
2 ुप-E ार्मेसी	
3 अन्य ुप , C, D, , , H, I, L	
4 ुप 1 TO 8	

परीक्षा कार्यक्रम की प्रतिदिन की पालियाँ

01	प्रथम पाली	प्रातः 08:00 बजे से 10:30 बजे तक
02	द्वितीय पाली	दोपहर 12:00 बजे से 02:30 बजे तक
03	तृतीय पाली	शाम 04:00 बजे से 06:30 बजे तक

परिणाम की घोषणा



24 मई 2027

काउंसलिंग प्रक्रिया

चरण – 1	प्रारम्भ की तिथि	चरण – 2	समाप्ति की तिथि
01	02 जून, 2027	02	15 जुलाई, 2027

नोट: माननीय उच्चतम न्यायालय /AICTE/PCI के शैक्षिक कैलंडर के अनुक्रम में


शैक्षिक सत्र प्रारंभ

नई शुरुआत • नई ऊर्जा • नई उपलब्धियाँ

शैक्षिक सत्र

2027–28

प्रस्तावित प्रारंभ तिथि • 20 जुलाई, 2027



संस्थान स्तरीय गतिविधियाँ

विद्यार्थी विकास • परिसर सहभागिता • औद्योगिक अनुभव

- CONVOCATION
- PLACEMENT
- TABLET DISTRIBUTION
- MISSION SHAKTI COUNSELLING SESSION
- PERSONALITY DEVELOPMENT CLASSES
- MODEL EXHIBITION
- INDUSTRIAL VISIT
- TECHNICAL WORKSHOPS
- YOGA CLASSES
- PLANTATION
- NCC
- GAMES
- INDUCTION PROGRAM

CONVOCATION AT VARIOUS POLYTECHNICS



CONVOCATION CEREMONY











ACTIVITIES


nePlus1 HASSELBLAD
QUIZ
COMPETITION
GPS Map Camera
Rera, Uttar Pradesh, India

ACTIVITIES











डिप्लोमा धारकों के लिए शीर्ष करियर विकल्प



च्य शिक्षा

- ADMISSION TO B.TECH (SECOND YEAR) LATERAL ENTRY
- AMIE ENGINEERING (FOR WORKING PROFESSIONALS) ETC



सरकारी न करी

- ALL/CENTRAL/STATE / PSU SECTOR
- PWD / CPWD IRRIGATION DEPARTMENT/
- JAL NIGAM/ ELECTRICITY DEPARTMENT



प्रा वेट सेक्टर

- AUTOMOBILE SECTOR
- MANUFACTURING SECTOR/ ELECTRONICS AND TELECOM SECTOR
- CONSTRUCTION AND INFRASTRUCTURE SECTOR
- IT SECTOR ETC



विशेषज्ञता-आधारित करियर

- CAD/CAM/ AUTOCAD/SOLID WORKS
- ELECTRICIAN/TECHNICIAN SPECIALIZATION
- CNC MACHINE OPERATOR
- SOLAR TECHNICIAN ETC



स्वरोज ार एवं नवाचार

- REPAIRING & SERVICE CENTER
- HARDWARE/
- NETWORKING SERVICE
- ELECTRICAL SHOP & INSTALLATION WORK ETC

MAJOR PLACEMENT COMPANIES

ALFA LAVAL
8.5 LPA

thoughtworks
8 LPA

igl
INDRAPRASTHA GAS
7.2 LPA

asianpaints
6 LPA

BLUE STAR
6 LPA

MARUTI SUZUKI
5 LPA

TMEIC
We drive industry
4.8 LPA

Triveni®
ALMIRAH
4.75 LPA

NAYARA
ENERGY
4.5 LPA


ADITYA BIRLA
UltraTech
4 LPA

WABAG
3.83 LPA

ADITYA BIRLA
HINDALCO
3.5 LPA

OTHER PLACEMENT COMPANIES	PACKAGE (LPA)
AVADA	3.5
DAYAL FERTILIZERS	3.5
ABAADA GROUP	3.5
DAYAL FERTILIZERS	3.5
DNV	3.5
GE AEROSPACE	3.5
LARSEN & TOUBRO LIMITED	3.5
NPCL NOIDA	3.5
RELIENCE INDUSTRIES LTD	3.5
TATA MOTORS	3.5
VVDN, MOTHERSON,K DRIVE	3.5
SYNTHIMED LAB/RELIANCE	3.5
HAVELLS	3.5
DIXSON	3.5
HITACHI	3.2
JINDAL STEEL PVT LTD	3
VISHAKHA	3
MAHINDRA	3

STUDENT EMPLOYMENT (2019-20 TO 2024-25)



Session	Total Employment %	Campus Placement %	Govt Job %	Self-Employment %	Apprenticeship %	Higher Education %
2019-20	29	20.3	0.6	2.6	9.4	5.1
2020-21	33	23.6	0.76	2.4	2.81	4.7
2021-22	41	34.25	0.36	2.04	3.06	4.97
2022-23	47	39.51	0.39	2.73	3.89	6.54
2023-24	58	52.03	0.39	1.14	4.75	8.71
2024-25	63	58.1	0.31	1.0	4.46	9.24

PLACEMENT DRIVES AT VARIOUS POLYTECHNICS





















कैंपस ड्राइव में ट्रेनी इंजीनियर के लिए 230 का चयन

लखनऊ। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में सोमवार को कैंपस ड्राइव में ट्रेनी इंजीनियर के 400 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार हुए। इसमें 230 युवतियों का 21 हजार रुपये महीने तक के वेतन पर चयन किया गया। इसमें टाटा मोटर्स, सिएट टायर, पीएसएम समेत तमाम कंपनियों ने हिस्सा लिया। प्लेसमेंट प्रभारी शिल्पी ने बताया कि चयनित युवतियों को वेतन के साथ निशुल्क कैंटीन और मेडिकल की सुविधा भी दी जाएगी। (संवाद)

जहां की पढ़ाई, वहीं की ब्रांड एंबेसडर बनीं ज्योति

जासं • लखनऊ: जज्बा हो तो मंजिल मिल ही जाती है। राजकीय महिला पालीटेक्निक में 1997 में होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा करने वाली ज्योति राजवानी वर्तमान में उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में उप निबंधक के पद पर तैनात हैं। आशुलिपिक के पद से न्यायिक सेवा में आईं ज्योति उसी संस्थान के दीक्षा समारोह की ब्रांड एंबेसडर बनीं तो छात्राओं ने भी उनको अपने पास पाकर खुश जाहिर की।


ज्योति • जागरण

ज्योति के पिता राज कुमार राजवानी भवन निर्माण सामग्री का व्यापार करते हैं। तेज धूप हो या बारिश, पिता जी दो जून की रोटी कमाने के लिए दिनभर परेशान रहते थे। उनकी मेहनत ने मुझे हौसला दिया और मेरी मां सीमा देवी की प्रेरणा से मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं। मेरी पिता मेरे आडियल हैं। आज मैं जो कुछ भी हूं उन्हीं की वजह से। महानिदेशक प्राविधिक



राजकीय महिला पालीटेक्निक में आयोजित दीक्षा समारोह में मेधावियों के साथ महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा सेल्वा कुमारी साथ में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह व अन्य • जागरण

ब्रांड एंबेसडर महिलाएं छात्राओं को सिखाएंगी स्टार्टअप के गुर

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक की ब्रांड एंबेसडर ज्योति राजवानी और श्वेता पांडेय अब छात्राओं को स्टार्टअप शुरू करने और युवा उद्यमी बनने के गुर सिखाएंगी।

प्लेसमेंट प्रभारी शिल्पी गुप्ता ने बताया कि संस्थान की सफल पूर्व छात्राएं अपने अनुभव साझा करेंगी। इससे वर्तमान छात्राओं को नवाचार, स्टार्टअप, रोजगार और उद्यमिता से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां मिलेंगी। श्वेता पांडेय की कंपनी में छात्राओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी संपर्क किया जाएगा।

ज्योति राजवानी और श्वेता पांडेय को ब्रांड एंबेसडर के रूप में किया गया है सम्मानित


ज्योति राजवानी। श्वेता पांडेय।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि दीक्षित समारोह में ज्योति और श्वेता को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित किया गया। अब विशेषज्ञ प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी है। ज्योति ने वर्ष 1999 में राजकीय महिला पॉलीटेक्निक से पढ़ाई की। अप्रैल 2006 में उनका चयन उच्च न्यायालय के मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय में आशुलिपिक पद पर हुआ। मार्च 2012 में व्यक्तिगत सहायक बनीं और बाद में निजी सचिव व सहायक निबंधक के पद पर पदोन्नति पाई।

वर्तमान में वह उप निबंधक-सह-निजी सचिव के पद पर कार्यरत हैं। श्वेता ने वर्ष 2020 में संस्थान से शिक्षा पूरी की। वर्तमान में वह लखनऊ में निजी कंपनी का संचालन कर रही हैं और एक सफल युवा उद्यमी के रूप में पहचान बना चुकी हैं।

पॉलीटेक्निक में छात्राओं ने सीखीं उद्यमिता की बारीकियां

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में इंजीनियरिंग की छात्राओं के लिए दो दिवसीय वित्तीय जागरूकता एवं स्टार्टअप कार्यशाला की शुरुआत शुक्रवार से हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उद्यमी और निवेशक के रूप में आगे बढ़ने के लिए तैयार करना है। कार्यशाला के पहले दिन लगभग 90 छात्राओं ने दो सत्रों में भाग लिया। इसमें वित्तीय प्रबंधन, निवेश के अवसर, ऋण व बीमा, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा और जिम्मेदार वित्तीय निर्णयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

महिला पॉलीटेक्निक में निवेश व स्टार्टअप पर विशेष प्रशिक्षण की शुरुआत

प्लेसमेंट प्रभारी शिल्पी गुप्ता ने बताया कि यह कार्यशाला सीआईई और सेबी के सहयोग से हो रही है। पहले दिन आईटी आर्किटेक्चर व आईडीडी पाठ्यक्रम की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया।

दूसरे सत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की छात्राएं शामिल रहीं। शनिवार को एमओएम, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आई एंड सी आर्किटेक्चर एवं आईडीडी पाठ्यक्रम की छात्राओं को स्टार्टअप शुरू करने की व्यावहारिक प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्रशिक्षण शुरू

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय गर्ल्स पीजी कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छह सप्ताह का विशेष उद्यमी एवं कन्फेक्शनरी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में की गई। कॉलेज के गृहविज्ञान विभाग एवं एमएसएमई विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास एवं उद्यमिता के तहत यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कौशल विकास विभाग की ओर से राजन तथा प्रशिक्षक के रूप में कन्फेक्शनरी कंपनी की ज्योति उपस्थित रहीं। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रश्मि बिसेन ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है और इसी क्रम में इस पहल को शुरुआत की गई है। मुख्य वक्ता प्रो. पूनम वर्मा, सहायक समन्वयक प्रो. शालिनी श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। (संवाद)

सीडीटीपी के तहत 180 बच्चों को प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की ओर से संचालित सीडीटीपी (कम्यूनिटी डेवलेपमेंट थ्रू पॉलीटेक्निक) योजना के तहत 180 बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके माध्यम से उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है।

संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि केंद्रों के माध्यम से निर्धन, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं एवं स्कूल छोड़ने वाले बच्चे, दिव्यांगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि

योजना के माध्यम से बच्चों को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास

परिसर में यूपी दिवस पर आयोजित स्वरोजगार मेला में बच्चों की ओर से बनाए गए उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई थी।

प्राविधिक शिक्षा विभाग की महानिदेशक सेल्वा कुमारी जे ने भी प्रशिक्षकों की सराहना की थी। बताया कि इन केंद्रों में गारमेंट मैकिंग आरती पांडेय, कंप्यूटर ऑपरेटर पारुल रावत, ब्यूटीशियन पूजा राय, टाई एंड डाई मीनू शुक्ला, कटिंग एवं टेलरिंग नाहिद फात्मा, एमओएम नीलम गौतम ने स्टॉल के माध्यम से अपने उपकरणों को प्रस्तुति किया था।

पढ़ाई के बीच मिली नौकरी

राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में कैंपस ड्राइव, 13 छात्राओं को नौकरी का ऑफर

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। जहां डिप्लोमा पूरा होने के बाद भी छात्राओं को नौकरी की तलाश में महीनों इंतजार करना पड़ता है, वहीं राजकीय महिला पॉलीटेक्निक की 13 छात्राओं ने पढ़ाई के बीच ही शानदार कैरियर की शुरूआत कर दी है। कॉलेज ब्रेक होने से पहले ही उन्हें पहला जॉब ऑफर मिल गया है। वह भी 2.5 लाख रुपये तक के पैकेज पर।


राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में कैंपस ड्राइव में आई छात्राएं। संवाद

कॉलेज की प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. शिल्पी गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को परिसर में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में राजधानी की नाइब्रोको टूल्स एंड टेक्नोलॉजी कंपनी ने डिजिटल मार्केटिंग और आईटी एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए 60 से अधिक छात्राओं का साक्षात्कार लिया। कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद 13 छात्राओं को कंपनी ने हरी झंडी दिखा दी।

चयनित सभी छात्राएं अभी पढ़ाई कर रही हैं। अगले सत्र से इनका प्रशिक्षण शुरू होगा और ट्रेनिंग के दौरान ही उन्हें वेतन भी मिलना शुरू हो जाएगा, जिससे पढ़ाई के साथ कमाई का सुनहरा मौका मिलेगा। चयनित छात्राओं में रिया, शिवानी, दिव्यांशी, आस्था, श्रुति, अर्पिता, साक्षी, वंदना, अदिति, फातिमा, अर्पिता गुप्ता, प्रगति और अदीबा शामिल हैं।

पहली नौकरी पाकर खुश हुईं 13 छात्राएं

लखनऊ। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न पाठ्यक्रमों की 13 छात्राओं का चयन हुआ। पहली नौकरी पाने वाली छात्राएं खासा उत्साहित थीं। प्लेसमेंट सेल की नोडल प्रीति गुप्ता ने बताया कि नाब्रोको टूल्स एंड टेक्नोलॉजीज प्रा.लि.की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में संस्थान के अलग-अलग कोर्सों की छात्राओं ने हिस्सा लिया।

चिकनकारी उद्योग की कार्यप्रणाली से परिचित हुईं छात्राएं

लखनऊ। राजधानी स्थित आईकेएएम चिकनकारी परिसर में बुधवार को राजकीय महिला पॉलीटेक्निक की छात्राओं ने भ्रमण किया। उन्होंने चिकनकारी उद्योग की कार्यप्रणाली को समझने के साथ इसकी आधुनिक डिजाइनिंग की जानकारी ली। महिला पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि संस्थान के फैशन डिजाइनिंग और गारमेंट टेक्नोलॉजी की छात्राओं ने चिकनकारी उद्योग के क्षेत्र में रोजगार और स्टार्टअप के अवसरों के बारे में जाना। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग आधारित व्यावहारिक ज्ञान देने के साथ वास्तविक कार्य परिवेश से परिचित कराना था। उन्हें चिकनकारी उद्योग की कार्यप्रणाली, डिजाइनिंग, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण व विपणन संबंधित जानकारियां दी गईं। (संवाद)



पॉलीटेक्निक के छात्र को 8.5 लाख का पैकेज

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। प्रतिभा मुफलिसी से मात नहीं खाती। इस बात को ख्योरा के राज गौतम ने साबित कर दिखाया है। राज ने 2022 में इंटरमीडिएट डिस्टेंशन के साथ पास किया था। मां गीता और टेलर पिता हेमराज की इच्छा थी कि बेटा बीटेक करे, लेकिन आर्थिक स्थिति ने सपनों पर पानी फेर दिया। मजबूरी में बेटे का एडमिशन पॉलीटेक्निक में कराया। राज ने प्रतिभा और कौशल के दम पर 8.5 लाख रुपये सालाना पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट में नौकरी हासिल कर ली।

राजकीय पॉलीटेक्निक के इतिहास में पहली बार इतने बड़े पैकेज पर किसी छात्र को कैंपस प्लेसमेंट में नौकरी के लिए चुना गया। ख्योरा निवासी राज गौतम ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75-75 प्रतिशत अंक पाए थे। राज गौतम ने 144 छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में पीछे छोड़ा। फरवरी में एक मल्टीनेशनल कंपनी राजकीय पॉलीटेक्निक रावतपुर कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई थी। सभी विषयों में 60 प्रतिशत से अधिक नंबर हासिल करने और बिना बैकलॉग के प्रवेश पाने वाले छात्रों को नौकरी देने की शर्त रखी। मानक पर 145 छात्र-छात्राएं चुनीं गईं। फरवरी में हुई लिखित परीक्षा में 10 छात्र और तीन छात्राएं सफल हुईं थीं। इन छात्र-छात्राओं का सोमवार को साक्षात्कार हुआ, जिसमें राज गौतम अकेले अभ्यर्थी सफल हुए।



राजगौतम को नौकरी का चयनपत्र देते कंपनी के अधिकारी।

> राज गौतम इकलौते अभ्यर्थी रहे, जिन्हें कंपनी ने नौकरी के लिए चुना है। 8.5 लाख रुपये का पैकेज पर राज का चयन हुआ है। इसी के साथ राजकीय पॉलीटेक्निक के इतिहास में नई इबारत लिखी गई।
> – मुकेश चंद्र आनंद, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक

सिलेबस से इतर परिवार और दोस्तों के बारे में भी पूछा : राज ने बताया कि चयनकर्ताओं ने साक्षात्कार में सिलेबस से जुड़े सवाल पूछे। इंटर्नशिप के दौरान मशीनों पर कैसे काम किया था, उसकी जानकारी ली। फिर, परिवार के बारे में पूछा। एक खास सवाल पूछा कि दोस्तों से आपका व्यवहार कैसा रहता है। क्या आप गुस्सा करते हैं। या नॉर्मल व्यवहार करते हैं। राज ने बताया कि सवालों के जवाब से चयनकर्ता संतुष्ट हुए।

रोजगार मेले में 341 विद्यार्थियों को मिली नौकरी, खिले चेहरे

जागरण संवाददाता, कानपुर: राजकीय पालिटेक्निक कानपुर में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में तीन कंपनियों ऐसिन आटोमोबाइल, हायर इलेक्ट्रिक और ल्यूमैक्स बैट्री कंपनी छात्रों के चयन के लिए पहुंची थी। इस रोजगार मेले में 341 छात्र-छात्राओं को नौकरी के लिए चयनित किया गया है।

राजकीय पालिटेक्निक के प्लेसमेंट अधिकारी विनोद शर्मा ने बताया कि तीनों ही कंपनियां ने कुल 350 पदों के लिए साक्षात्कार लिया। इस रोजगार मेले में पूरे प्रदेश से करीब 700 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसमें पांच सौ छात्र दूसरे जिलों से जबकि 237 छात्र राजकीय पालीटेक्निक कानपुर इसमें शामिल हुए। तीनों कंपनियों के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के हैं। उन्होंने बताया कि तीनों कंपनियां आटो छात्रों को लगभग 2.1 लाख सालाना का पैकेज आफर किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं को एनसीआर के विभिन्न यूनिट में नियुक्ति दी जाएगी। जहां पर उनको ट्रांसपोर्टेशन व सब्सिडाइज्ड कैंटीन की सुविधा प्रदान की जाएगी।



राजकीय पालिटेक्निक में आयोजित रोजगार मेले में शामिल होने के लिए आए छात्र-छात्राएं● जागरण

- तीन कंपनियों ने 350 पदों के लिए 737 छात्रों का लिया साक्षात्कार
- 500 छात्र दूसरे जिलों से, 237 राजकीय पालीटेक्निक कानपुर के शामिल हुए



मुझे दो कंपनियों के ओर से साक्षात्कार में चयनित किया गया है, मैं केमिकल की पढ़ाई की है। परिवार से बातचीत के बाद आगे का निर्णय लूंगी।
– मनोज्ञा पचौरी, फिरोजाबाद



तीनों कंपनी में साक्षात्कार दिया था, दो कंपनियों ने मुझे नौकरी के लिए आफर दिया है। जिसका नियुक्ति पत्र पहले मिलेगा वहां ज्वाइन करूंगा।
– हर्ष तिवारी, जौनपुर



हायर इलेक्ट्रिक व ल्यूमैक्स बैट्री दोनों ने साक्षात्कार के बाद शार्टलिस्ट कर लिया है। शिक्षकों से बात करने के बाद फैसला लूंगा।
– गौरव कुमार, कानपुर

74 छात्रों को 2.4 लाख का पैकेज

जागरण संवाददाता, कानपुर : राजकीय पॉलिटेक्निक कानपुर में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया। इस अवसर पर पुणे स्थित सिग्मा इंजीनियर्ड साल्यूशंस ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। इस मेले में कुल 337 छात्र-छात्राओं साक्षात्कार के लिए अपना पंजीकरण कराया। इसके बाद लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के के कुल 74 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। राजकीय पालीटेक्निक के प्लेसमेंट अधिकारी विनोद शर्मा ने बताया कि इस रोजगार मेले में कानपुर के अलावा घाटमपुर, कन्नौज, औरैया, मऊ, इटावा, सोनभद्र, बिंदकी, फिरोजाबाद, उन्नाव आदि जिलों के छात्र-छात्राओं शामिल हुए। उन्होंने बताया कि कंपनी आटो कंपोनेंट निर्माण के क्षेत्र से संबंधित है। जिसमें मुख्य रूप से प्रोडक्शन एवं मेंटेनेंस विभाग के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा लगभग 2.4 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज प्रदान किया जाएगा। साथ ही चयनित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा एवं सब्सिडाइज्ड कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

चयनित 50 छात्रों को मिले ऑफर लेटर



सीएम के साथ मौजूद ऑफर लेटर पाने वाले विद्यार्थी। स्रोत : संस्थान

कानपुर। टाटा मोटर्स की लक्ष्य योजना के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक कानपुर के 50 छात्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में ऑफर लेटर प्रदान किए। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि यह योजना छात्रों को उद्योग से जोड़कर उनके कॅरिअर को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मुकेश आनंद उपस्थित रहे। (संवाद)

पालीटेक्निक के तीन स्टूडेंट्स को तीन लाख का पैकेज मिला



कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल छात्र व शिक्षक।

कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में सिविल इंजीनियरिंग के 30 छात्र बैठे, जिसमें 13 ने रिटेन क्लीयर किया

कानपुर, 21 अप्रैल।राजकीय पॉलिटेक्निक, कानपुर में संस्थागत कैंपस प्लेसमेंट का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रिज्म सीमेंट कंपनी (प्रिज्म जानसन लि.) के तीन प्रतिनिधियों ने कैंपस प्लेसमेंट में स्टूडेंट्स की कसौटी पर कसा। यह कंपनी भारत की एक प्रतिष्ठित निर्माण सामग्री निर्माता कंपनी है, जो मुख्यतः सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट तथा टाइल्स के क्षेत्र में काम करती है और देशभर में अपनी मजबूत औद्योगिक उपस्थिति रखती है। कैंपस ड्राइव में सिविल इंजीनियरिंग शाखा के कुल 30 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रक्रिया के प्रथम चरण (लिखित परीक्षा) में 13 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। इसके पश्चात इन 13 छात्रों का आमने-सामने (फेस-टू-फेस) मौखिक साक्षात्कार आयोजित किया गया, जिसमें से अंतिम रूप से 3 छात्रों का चयन किया गया। चयनित छात्रों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 15 हजार प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात 3 लाख वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा ट्रैवलिंग अलाउंस, पीएफ, ईएसआई एवं मेडिकल इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। विशेष बात यह है कि चयनित छात्रों को उनके गृह जनपद (नेटिव स्थान) में ही नियुक्ति दी जाएगी, जहां वे असिस्टेंट आफिसर के पद पर कार्यरत रहकर अपने-अपने जिले में कार्यभार संभालेंगे। प्लेसमेंट ऑफिसर विनोद शर्मा ने बताया कि संस्थान सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए निरंतर प्रयासरत है। पूर्व में भी छात्रों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन, एल एंड टी, कार्बन लाइट तथा वीएटेक वाबाग में हो चुका है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र आनंद, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष लोकेन्द्र त्रिपाठी, प्रवक्ता पियूष मालवीय एवं रुचि सिंह भी उपस्थित रहीं।

340 ने कराया पंजीकरण, 120 लोगों को मिली नौकरी

राजकीय पॉलिटेक्निक में लगा प्लेसमेंट ड्राइव, 20 हजार महीना मिलेगा मानदेय

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक में शुक्रवार को आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 340 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इसमें साक्षात्कार के बाद 120 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इन्हें 20 हजार रुपये में प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

स्टील स्ट्रिप्स व्हील्स लिमिटेड की ओर से आयोजित इस ड्राइव में शहर के साथ ही **नियुक्ति गुजरात के मेहसाणा स्थित प्लांट में होगी, कन्नौज, इटावा, औरैया के अभ्यर्थी भी शामिल** कन्नौज, औरैया, इटावा, मैनपुरी आदि जिलों से भी छात्रों ने हिस्सा लिया। भर्ती डिप्लोमा अप्रेंटिस ट्रेनी व डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी पदों के लिए हुई। इसमें मैकेनिकल, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, पेंट, प्रोडक्शन व केमिकल ट्रेड के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। चयनित अभ्यर्थियों को 20 हजार प्रतिमाह मानदेय व एक हजार अटेंडेंस बोनस, कैंटीन सुविधा के साथ अन्य सुविधाएं मिलेंगी। नियुक्ति गुजरात के मेहसाणा स्थित प्लांट में होगी। संस्थान के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र आनंद ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के अवसर बढ़ाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। संस्थान का प्रयास है कि अधिक से अधिक छात्रों को नौकरी दिलाई जाए।



बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच नौकरी की शुरुआत बेहद जरूरी है, इससे अनुभव मिलता है और आगे बेहतर अवसर मिलते हैं। - **अनुष्का, केशवपुरम**



नौकरी की बहुत जरूरत थी, इस लिए ड्राइव में भाग लिया। अपनी जिम्मेदारियों को देखते हुए गुजरात जाने को भी तैयार हूं। -**निश्चय यादव, कन्नौज**



घर की जरूरतों को देखते हुए अब नौकरी करना बहुत जरूरी है। गुजरात की दूरी अधिक है पर धन की भी आवश्यकता है। - **अंकित, हमीरपुर**

प्लेसमेंट ड्राइव में 469 छात्रों को मिली नौकरी

राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में हुए साक्षात्कार, 2.64 लाख रुपये का पैकेज हुआ ऑफर

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में सोमवार को प्रदेशस्तरीय पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। इसमें जापानी बहुराष्ट्रीय कंपनी एस्टेमो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के बाद 469 छात्रों का चयन 2.64 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर किया गया। इस ड्राइव में कुल 1288 छात्रों ने पंजीकरण कराया था।

चयनित अभ्यर्थी मैकेनिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, मेकाट्रानिक्स इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं से संबंधित हैं। कंपनी ने चयनित छात्रों को प्रोडक्शन, क्वालिटी और मेंटेनेंस विभाग में कार्य करने के लिए चुना। संयोजन अधिकारी विनोद शर्मा ने बताया कि चयनित छात्रों को वेतन के साथ ही परिवहन, भोजन और स्वास्थ्य सेवाओं का भी लाभ प्रदान किया जाएगा। इस पूल कैंपस में संस्थागत छात्रों के साथ-साथ प्रदेश के घाटमपुर, उन्नाव, डीह सदर, बीघापुर, बिंदकी, फतेहपुर, झांसी, कन्नौज, अकबरपुर, बाराबंकी, इटावा, औरैया, लखनऊ सहित विभिन्न राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एस्टेमो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है, जो फ्यूल इंजेक्टर, फ्यूल फीडिंग पंप, सीएनजी इंजेक्टर, एक्वोस सिस्टम, ब्रेक और सस्पेंशन जैसे उच्च गुणवत्ता वाले ऑटोमोटिव पार्ट्स का निर्माण करती है। प्रधानाचार्य श्री मुकेश चंद्र आनंद ने बताया कि संस्था ने प्रतिवर्ष 2000 छात्रों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले तीन वर्षों से लगातार पूरा किया जा रहा है। उन्होंने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं।



राजकीय पॉलिटेक्निक में साक्षात्कार लेते अधिकारी। स्रोत:संस्था

डिप्लोमा स्तरीय छात्र/छात्राओं के विकास हेतु विभिन्न संस्थाओं से समन्वय

01 वाधवानी फाउंडेशन

तिथि / अवधि: 14 मार्च 2024–27

लक्षित समूह
उत्तर प्रदेश के तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी

प्रमुख पहल
फैकल्टी-मेंटर्ड हाइब्रिड LMS प्रशिक्षण; रोजगारपरक कौशल; उद्यमशील मानसिकता; कौशल विकास

02 SGBS उन्नति फाउंडेशन

तिथि / अवधि: 14 मार्च 2024–27

लक्षित समूह
अंतिम वर्ष के इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक विद्यार्थी

प्रमुख पहल
30-दिवसीय UNXT सॉफ्ट-स्किल कार्यक्रम; प्रतिदिन 2 बैच; रोजगार/उच्च शिक्षा/स्वरोजगार में 70% परिणाम

03 इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड

तिथि / अवधि: 14 मार्च 2024–29

लक्षित समूह
विद्यार्थी, फैकल्टी

प्रमुख पहल
डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म; कोडिंग; प्रमाण-पत्र; फैकल्टी सक्षमीकरण; NEP 2020 के अनुरूप

04 भारत केयर्स

तिथि / अवधि: 14 मार्च 2024–27

लक्षित समूह
10 महिला पॉलिटेक्निक

प्रमुख पहल
आवश्यकता आकलन एवं 10 महिला पॉलिटेक्निक में आधारभूत संरचना का उन्नयन

05 कंसोर्टियम फॉर टेक्निकल एजुकेशन (CTE)

तिथि / अवधि: 14 मार्च 2024–27

लक्षित समूह
विद्यार्थी, बेरोजगार युवा एवं साइबर सुरक्षा पेशेवर

प्रमुख पहल
IT एवं साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र; हाइब्रिड प्रशिक्षण; फैकल्टी विकास; संयुक्त प्रमाण-पत्र; इंटर्नशिप

06 मेधा लर्निंग फाउंडेशन

तिथि / अवधि: 03 जनवरी 2022

लक्षित समूह
छात्र, फैकल्टी एवं TPO

प्रमुख पहल
फैसिलिटेशन एडवांसमेंट बूटकैंप; फैकल्टी एवं TPO के लिए करियर एवं रोजगारपरकता बूटकैंप

07 अडानी स्किल्स एंड एजुकेशन

तिथि / अवधि: 21 जुलाई 2026

लक्षित समूह
डिप्लोमा विद्यार्थी

प्रमुख पहल
फिनिशिंग-स्कूल प्रशिक्षण; इंटर्नशिप; ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (OJT); औद्योगिक exposure; प्लेसमेंट सहायता; सॉफ्ट स्किल एवं शिक्षा

08 टाटा टेक्नोलॉजी

तिथि / अवधि: 17 नवम्बर 2025

लक्षित समूह
सभी राजकीय पॉलिटेक्निक

प्रमुख पहल
उत्कृष्टता केंद्र (COE) की स्थापना

विस्तृत सूचनाओं के लिए संपर्क करे

कार्यालय,सचिव,संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश

1 ,गुरु गोविन्द सिंह मार्ग,बांसमंडी चौराहा ,लखनऊ-2 2 6 0 0 1

दूरभाष:0 5 2 2 -2 6 3 0 1 0 6 , 2 6 3 6 5 8 9 ,2 6 3 0 6 6 7

ईमेल: jeecuphelp@gmail.com

वेबसाइट - https://jeecup.admissions.nic.in

धन्यवाद